**<u>मई 2025 के लिए सेब बागीचों एवं पौधों की पत्तियों के रोगों के प्रबंधन हेतु परामर्श</u>**

**पादप रोग विज्ञान विभाग**

**डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, सोलन - हिमाचल प्रदेश**

पिछले सप्ताह और इस सप्ताह में व्यापक ओलावृष्टि और रूक-रुक कर वर्षा हुई है, अतः तापमान, आर्द्रता और नमी सेब और अन्य फलदार फसलों में पत्ती झुलसा और अन्य पत्ती धब्बा रोगों के उभरने और फैलने के लिए अनुकूल हैं। जिन बागीचों में पिछले वर्ष ये रोग देखे गए हैं, वहां बागवानी निदेशालय और विश्वविद्यालय द्वारा सुझाए गए छिड़काव सारिणी के अनुसार फफूंदनाशी का छिड़काव करना चाहिए। किसान इन पत्ती धब्बों / झुलसा की स्थिति की लगातार निगरानी करें और आवश्यकता अनुसार फफूंदनाशी का छिड़काव निर्धारित छिड़काव सारिणी के अनुसार करें। इस समय बागीचों के प्रबंधन के लिए किसानों को निम्नलिखित परामर्श जारी किया गया है:

- **ओलावृष्टि के नुकसान के लिए:** 100 ग्राम कार्बेन्डाज़िम या 600 ग्राम मैंकोजेब को 200 लीटर पानी में मिलाकर ओलावृष्टि के तुरंत बाद छिड़काव करें। <u>या</u> 200 ग्राम बोरिक एसिड + 500 ग्राम जिंक सल्फेट + 250 ग्राम अनबुझे चूने को 200 लीटर पानी में मिलाकर ओलावृष्टि के 3-4 दिन के अंदर छिड़काव करें। <u>या</u> ओलावृष्टि के 10-12 दिन बाद, एग्रोमिन, मल्टीप्लेक्स या माइक्रोविट जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों का 400-600 ग्राम प्रति 200 लीटर पानी में छिड़काव करें। <u>या</u> ओलावृष्टि से प्रभावित सेब के बागीचे में 1 किलोग्राम यूरिया को 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
- **पत्तियों के धब्बों/झुलसा के प्रबंधन हेतु:** यदि आवश्यक हो तो, मैंकोजेब (600 ग्राम/200 लीटर पानी) का रक्षात्मक छिड़काव करें। जहां ये धब्बे / झुलसा रोग देखे गए हैं, वहां वैकल्पिक रूप से निम्नलिखित में से किसी एक मिश्रण का 10-12 दिन के अंतराल पर छिड़काव करें: हेक्साकोनाजोल 4% + ज़िनेब 68% WP (500 ग्राम / 200 लीटर पानी) या कार्बेन्डाज़िम 25% + फ्लुसिलाजोल 12.5% SC (160 मिली-लीटर / 200 लीटर पानी)
- **किसी भी अनुशंसित रसायन के साथ कीटनाशक / रासायनिक / सूक्ष्म पोषक तत्व / विकास नियंत्रक / हार्मोन को न मिलाएं ताकि पौध विषाक्तता, रसेटिंग और अन्य विकारों से बचा जा सके। यदि आवश्यक हो, तो इन्हें अलग से छिड़काव करें।**

किसानों को सलाह दी जाती है कि वे रोगों के लक्षणों की जानकारी फोटो सहित एवं अन्य प्रश्नों के साथ ईमेल पर भेजें: <u>hodmpp2014@gmail.com</u>

6/05/25

प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष

Professor and Head
Deptt. of Plant Pathology
Dr. Y.S.P. UHF, Nauni, Solan-173 230